
# दिल्ली विधान सभा
# DELHI LEGISLATIVE ASSEMBLY

## ( चतुर्थ विधान सभा )
## { FOURTH ASSEMBLY }

## सरकारी आश्वासन समिति
## COMMITTEE ON GOVERNMENT ASSURANCES

## चतुर्थ प्रतिवेदन
## FOURTH REPORT

**दिनांक 26.03.2013 को प्रस्तुत किया गया**
**PRESENTED ON 26.03.2013**



दिल्ली विधान सभा सचिवालय, दिल्ली
DELHI LEGISLATIVE ASSEMBLY SECRETARIAT, DELHI

# दिल्ली विधान सभा

( चतुर्थ विधान सभा )

## सरकारी आश्वासन समिति

चतुर्थ प्रतिवेदन

( 26.03.2013 को प्रस्तुत किया गया )

**समिति का गठन**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | श्री हरशरण सिंह बल्ली | सभापति |
| 2. | श्री बलराम तँवर | सदस्य |
| 3. | श्री नसीब सिंह | सदस्य |
| 4. | श्री सुभाष सचदेवा | सदस्य |
| 5. | श्री श्याम लाल गर्ग | सदस्य |
| 6. | श्री राजेश लिलोठिया | सदस्य |
| 7. | श्री अनिल कुमार | सदस्य |
| 8. | श्री नीरज बसोया | सदस्य |
| 9. | श्री शोएब इक़बाल | सदस्य |

**सचिवालय**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | श्री पी॰एन॰ मिश्रा | सचिव |
| 2. | श्री लाल मणी | उप सचिव |
| 3. | श्री एस॰के॰ सिक्दार | उप सचिव |

पृष्ठ -3/- पर जारी ..

# प्रतिवेदन

मैं, दिल्ली विधान सभा की सरकारी आश्वासन समिति का सभापति, समिति द्वारा प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के लिए प्राधिकृत किये जाने पर एतदद्वारा **दिसम्बर, 2012 से फरवरी, 2013** की अवधि हेतु यह प्रतिवेदन प्रस्तुत करता हूँ । सरकारी आश्वासन समिति ने इस प्रतिवेदन को दिनाँक **21 मार्च, 2013** को सम्पन्न हुई बैठक में अपनी सहमति प्रदान की।

समिति का मुख्य उत्तरदायित्व मन्त्रियों द्वारा सदन पटल पर समय-समय पर दिये गये आश्वासनों, वायदों, वचनों आदि की जाँच करना या विवरण देना है कि वह किस सीमा तक कार्यान्वित किये गये हैं और जहाँ कार्यान्वित किये गये हैं, क्या उनका कार्यान्वयन उस उद्देश्य विशेष के लिए निर्धारित की गई सीमा के अन्दर किया गया अथवा नहीं ?

चतुर्थ विधान सभा के जो आश्वासन छाटे गये थे, उनमें से 16 आश्वासन जोकि जनवरी, 2013 तक की निर्धारित समयावधि में पूर्ण होने थे, उन्हें समिति के समक्ष रखा गया। प्रतिवेदन में दी गई अवधि के दौरान समिति ने कुल 03 बैठकें आयोजित की, जिसमें उक्त 16 आश्वासनों मे से 13 आश्वासनों पर विचार-विमर्श किया गया। समिति ने अपनी बैठकों में इन आश्वासनों से सम्बन्धित विभागों के प्रतिनिधियों से भी स्पष्टीकरण प्राप्त किये। समिति द्वारा विचार किये गये इन 13 आश्वासनों में से 10 आश्वासनों को पूर्ण हुआ मान लिया गया। अभी 06 आश्वासन ऐसे हैं जिनकी क्रियान्वयन सूचना विभागों से प्राप्त होनी शेष है । समिति द्वारा जिन 10 आश्वासनों को पूर्ण मान लिया गया है उनका विस्तृत विवरण अनुलग्नक-1 व संक्षिप्त विवरण अनुलग्नक-3 में दर्शाया गया है । इसके अतिरिक्त उपर्युक्त 13 आश्वासनों में से **03 आश्वासनों को समिति ने लम्बित रखा उनका विस्तृत विवरण अनुलग्नक-2 व संक्षिप्त विवण में अनुलग्नक-4** में दर्शाया गया है ।

आश्वासनों की पूर्ति करने के संबंध में समिति ने सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिये कि आश्वासनों की पूर्ति करने हेतु विभाग उत्तरदायित्व पूर्ण रवैया अपनाए ताकि उनको निर्धारित समयावधि में पूर्ण करने में अनावश्यक व अनुचित विलम्ब न हो सके ।

समिति ने विभागीय अधिकारियों को बताया कि विभागों द्वारा आश्वासनों को पूर्ण करने के मामले में गम्भीर न होने के कारण जन-कल्याण के कार्यों में बाधा आती है और आश्वासन पूर्ण होने में अनावश्यक विलम्ब होता है तथा समिति ने विभागीय अधिकारियों को ये भी निर्देश दिये कि सम्बन्धित विभागों को आश्वासनों के उत्तर निर्धारित समय में प्रस्तुत करने के लिए हर सम्भव प्रयास करने चाहिये ताकि सरकार द्वारा सदन में दिये गये आश्वासनों का प्रयोजन पूरा हो सके । समिति ने यह भी स्पष्ट किया कि यदि किसी भी आश्वासन को पूरा करने में अनावश्यक विलम्ब हुआ है तो समिति सम्बन्धित विभाग के दोषी अधिकारियों के विरूद्ध उचित कार्रवाई करने की अनुशंसा करने को बाध्य होगी ।

**पृष्ठ -4/- पर जारी ..**

समिति विशेष रूप से अनुशंसा करती है कि यह सम्बन्धित विभाग का दायित्व होगा कि जो आश्वासन क्रियान्वयन के उपरान्त पूर्ण हो जाते हैं उनकी सूचना अविलम्ब तथा ऐसे प्रश्न जिनका उत्तर *"सूचना एकत्रित की जा रही है"* दिया जाता है उनसे सम्बन्धित सूचना इस सचिवालय को आश्वासन सदन में देने के दो सप्ताह के भीतर अनिवार्य तौर पर दी जानी चाहिये।

मैं समिति के सुचारू रूप से कार्य-संचालन में बहुमूल्य योगदान देने के लिए समिति के माननीय सदस्यों का आभार प्रकट करता हूँ । यह समिति विधान सभा सचिवालय के समस्त अधिकारियों और कर्मचारियों की भी प्रशंसा करती है जिन्होंने समय-समय पर समिति की बैठकों को सफलतापूर्वक आयोजित करने, आवश्यक सामग्री जुटाने और समय पर समिति का प्रतिवेदन तैयार करने हेतु समिति को सहयोग दिया ।

समिति ने **श्री हरशरण सिंह बल्ली** और उनकी अनुपस्थिति में **श्री नसीब सिंह** को सदन में **समिति का प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के लिए प्राधिकृत किया** ।

**( हरशरण सिंह बल्ली )**
**सभापति**
सरकारी आश्वासन समिति

स्थान : दिल्ली
दिनाँक : **21** मार्च, 2013

पृष्ठ -5/- पर जारी ..

अनुलग्नक-1

## समिति की बैठकों में विचार-विमर्श के उपरान्त पूर्ण हुए आश्वासनों का विवरण

### शहरी विकास विभाग

1. दिल्ली जल बोर्ड द्वारा जनवरी 2006 से अब तक दक्षिण-पश्चिम दिल्ली में पाईप लाईन बिछाने के कार्यों, उन पर व्यय हुई धनराशि के संदर्भ में ।

**आश्वासन क्रमांक:132** **निर्णय: पूर्ण**
**अतारांकित प्रश्न संख्या-84**
**दिनांक 17.03.2010**

माननीय सदस्य श्री सत प्रकाश राणा ने दिल्ली जल बोर्ड द्वारा जनवरी 2006 से अब तक दक्षिण-पश्चिम दिल्ली में पाईप लाईन बिछाने के कार्यों, उन पर व्यय हुई धनराशि आदि के बारे में प्रश्न पूछे थे जिसके जवाब में माननीय शहरी विकास मंत्री ने आश्वासन दिया था कि **सूचना एकत्रित की जा रही है**।

विभागीय प्रतिनिधि ने समिति को जानकारी दी कि प्रश्न पूछने वाले माननीय विधायक श्री सत प्रकाश राणा जी को **ततसंबंधी पूर्ण जानकारी दी जा चुकी है** और उन्होंने लिखित में संतोष व्यक्त किया है ।

**समिति ने विभागीय प्रतिनिधियों के उत्तर से संतोष व्यक्त करते हुए इस आश्वासन को पूर्ण माना।**

2. छतरपुर विधान सभा क्षेत्र में यू.जी.आर. वाटर टैंक का निर्माण कार्य पूरा होने एवं उसमें पानी की सप्लाई कब तक किये जाने के संदर्भ में ।

**आश्वासन क्रमांक:133** **निर्णय: पूर्ण**
**अतारांकित प्रश्न संख्या-86**
**दिनांक 17.03.2010**

माननीय सदस्य श्री बलराम तंवर ने छतरपुर विधान सभा क्षेत्र में यू.जी.आर वाटर टैंक का निर्माण कार्य पूरा होने एवं इसमें पानी की सप्लाई कब तक किये जाने का मामला उठाया थो जिसके जवाब में माननीय शहरी विकास मंत्री ने आश्वासन दिया था कि इस यूजीआर का निर्माण कार्य अक्जूबर,2010 तक पूरा होने का अनुमान है एवं दिसम्बर 2010 तक इसमें पानी की सप्लाई चालू होने का अनुमान है।

विभागीय प्रतिनिधि ने समिति को जानकारी दी कि यूजीआर बन चुका है और इसमें पानी की सप्लाई भी की जा चुकी है।

**समिति ने विभागीय प्रतिनिधियों के उत्तर से संतोष व्यक्त करते हुए इस आश्वासन को पूर्ण माना।**

पृष्ठ -6/- पर जारी ..

3. किरारी विधान सभा क्षेत्र में यूजीआर बनाने के संदर्भ में ।

**आश्वासन क्रमांक:134** **निर्णय: पूर्ण**
**अतारांकित प्रश्न संख्या-87**
**दिनांक 17.03.2010**

माननीय सदस्य श्री अनिल झा ने जानना चाहा कि किरारी विधान सभा क्षेत्र में यूजीआर बनाने का कार्य कितना पूरा हो चुका है और इस क्षेत्र में गर्मी के दिनों में पेयजल की मांग में वृद्धि से पिनटने के लिये दिल्ली जल बोर्ड द्वारा क्या कदम उठाये जा रहे हैं।

विभागीय प्रतिनिधि ने समिति को जानकारी दी कि यूजीआर का काम पूरा हो चुका है और यूजीआर को भरने के लिये हैदरपुर में पम्प लग रहे हैं और अप्रैल माह के प्रथम सप्ताह तक वहां पर पानी की आपूर्ति शुरू हो जायेंगी।

**समिति ने विभागीय प्रतिनिधियों के उत्तर से संतोष व्यक्त करते हुए इस आश्वासन को पूर्ण माना।**

सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग

4. सुलतान पुरी और मंगोल पुरी के बीच स्थित सप्लीमैंटरी ड्रेन पर नए पुलों के निर्माण कार्य के संदर्भ में ।

**आश्वासन संख्या-181** **निर्णय: पूर्ण**
**तारांकित प्रश्न संख्या: 213**
**दिनांक 22.03.2010**

माननीय सदस्य श्री जय किशन द्वारा **सुलतान पुरी और मंगोल पुरी के बीच स्थित सप्लीमैंटरी ड्रेन पर नए पुलों के निर्माण कार्य कब तक शुरू होंगे** के संबंध में उठाये गये उपरोक्त प्रश्न के संदर्भ में माननीय विकास मंत्री ने आश्वासन दिया था कि - **इस पुल के कार्य को वित्तीय वर्ष 2010-11 में शुरू करने का लक्ष्य है।**

विभागीय प्रतिनिधियों ने समिति को जानकारी दी कि सुल्तान पुरी एवं मंगोलपुरी के बीचं स्थित सप्लीमेंट्री ड्रेन पर तीन पुल है जिनमें से एक पुल का कार्य पूरा हो चुका है और उसका उद्‌घाटन भी हो चुका है । एक बहुत पुराना पुल है जिसकी कार्रवाई शुरू हो चुकी है और जल्दी ही उसके लिए निविदाएं आमंत्रित कर दी जाएगी और मार्च, 2013 में उसका कार्य शुरू कर दिया जाएगा । उन्होंने यह भी बताया कि अगले तीन चार महिने में यह सभी कार्य पुरे कर दिये जाऐंगे । समिति ने विभागीय प्रतिनिधियों को निदेश दिये कि 2014 तक इन सभी कार्यो को पूरा करवा दें।

**समिति ने संतोष व्यक्त करते हुए आश्वासन को पूर्ण माना ।**

पृष्ठ -7/- पर जारी ..

5. नजफगढ नाले के दाहिने किनारे पर बाहरी रिंग रोड एवं रघुबीर नगर ब्रिज के बीच वाली रोड को मजबूत व चौड़ा करने एवं वहां पर फ्लड लाईट की व्यवस्था करने के संदर्भ में ।

**आश्वासन संख्या-297** **निर्णय: पूर्ण**
**तारांकित प्रश्न संख्या: 92**
**दिनांक 17.03.2011**

माननीय सदस्य श्री ओ.पी. बब्बर द्वारा **नजफगढ नाले के दाहिने किनारे पर बाहरी रिंग रोड एवं रघुबीर नगर ब्रिज के बीच वाली रोड को मजबूत करने, चौड़ा करने व वहां पर फ्लड लाईट की व्यवस्था करने के लिए एस्टीमेट तैयार करने एवं टेण्डर आदि आमंत्रित करने एवं इस कार्य को पूरा करने में कितना समय लगेगा** इस संदर्भ में प्रश्न पूछा था जिसके जवाब में माननीय मंत्री ने आश्वासन दिया था कि - **तकनीकि सलाहकार समिति से मंजूरी मिलने एवं प्रशासनीक तथा वित्तीय स्वीकृति मिलने के उपरांत तीन महिने में यह कार्य पूरा कर लिया जाएगा ।**

विभागीय प्रतिनिधियों ने समिति को सूचित किया कि यहां पर कार्य प्रगति पर है और 20 फरवरी, 2013 तक इस रोड पर डेंस कार्पेटिंग का कार्य पूरा हो जाएगा।

**समिति ने संतोष व्यक्त करते हुए आश्वासन को पूर्ण माना ।**

6. नजफगढ नाले के किनारे बनाई गई सड़क की हालत सुधार ने कार्य के संदर्भ में।

**आश्वासन संख्या-355** **निर्णय: पूर्ण**
**तारांकित प्रश्न संख्या: 40**
**दिनांक 30.08.2011**

माननीय सदस्य श्री श्याम लाल गर्ग ने जानना चाहा था कि पश्चिम विहार क्षेत्र में **नजफगढ नाले के किनारे बनाई गई सड़क की हालत सुधार ने कार्य कब तक पूर्ण कर दिया जाएगा ।** इस के संदर्भ में माननीय मंत्री न आश्वासन दिया था कि **इस बस डिपो की योजना के अंतर्गत इस रोड के साथ एक रिटेनिंग वाल/दीवार बनाने का प्रस्ताव भी शामिल है । अत: इस दीवार के साथ सड़क को ठीक करने का कार्य भी कर दिया जाएगा ।**

विभागीय प्रतिनिधियों ने समिति को सूचित किया कि वहां पर सड़क की मरम्मत का काम पूरा कर दिया गया है ।

**समिति ने संतोष व्यक्त करते हुए आश्वासन को पूर्ण माना ।**

पृष्ठ -8/- पर जारी ..

## शिक्षा विभाग

7. सरस्वती विहार स्थित सरकारी विद्यालय के पुनर्निर्माण के संबंध में ।

आश्वासन संख्या-354
अतारांकित प्रश्न संख्या: 84
दिनांक 30.08.2011

निर्णय: पूर्ण

सभापति महोदय ने सरस्वती विहार में **सरकारी विद्यालय के पुनर्निर्माण के संबंध में दिनांक 30.08.2011 को अतारांकित प्रश्न संख्या 84** के संदर्भ में शिक्षा मंत्री द्वारा सदन में दिये गये दिये आश्वासन (आश्वासन संख्या : 354) के बारे में जानना चाहा और कहा कि **काफी समय व्यतीत होने के पश्चात् भी इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाये गये है** ।

शिक्षा विभाग के विभागीय प्रतिनिधियों ने सूचित किया कि **50 एस.पी.एस. कमरों के निर्माण के लिए स्वीकृति पहले ही दिनांक 13.02.2013 को वित्त विभाग द्वारा दी जा चुकी है** जोकि सभी संबंधित अधिकारियों को भेजी जा चुकी है ।

लोक निर्माण विभाग के विभागीय प्रतिनिधियों ने सूचित किया कि इस कार्य के लिए विस्तृत एस्टीमेट बनाने पड़ेंगे । इसलिए 2 महिने में कार्य शुरू कर दिया जाऐगा । उन्होंने आश्वासन दिया की 15 मार्च, 2013 तक टेण्डर आमंत्रित कर लिए जाएगे, 25 मार्च, 2013 तक टेण्डर खोल देंगे और अप्रैल माह के अंत तक साईट पर काम शुरू कर दिया जाएगा ।

**समिति ने उत्तर से संतोष व्यक्त करते हुए आश्वासन को पूर्ण माना** और विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिये की **बताये गये समय में कार्यवाही शुरू हो जानी चाहिए ।**

सभापति महोदय ने सूचित किया कि सरस्वती विहार में दो-तीन ऐसे विद्यालय है, जिनकी छतें एस्वेस्टस की हैं ।

**शिक्षा विभाग** के विभागीय प्रतिनिधियों ने सूचित किया कि **शिक्षा विभाग द्वारा एस्वेस्टस सीट के कमरे के स्थान पर एस.पी.एस. कमरे बनाने हेतु फेज्ड मैनर में किए जाने का निर्णय लिया जा चुका है ताकि विद्यालय बन्द न करना पड़े** ।

**लोक निर्माण विभाग** के विभागीय प्रतिनिधि ने सूचित किया कि सरस्वती विहार के विद्यालयों के बारे में पूरी जाँच कर के कल शाम अर्थात् दिनांक **21.02.2013 तक माननीय सभापति महोदय को बता दूँगा** ।

पृष्ठ -9/- पर जारी ..

8. <u>मुल्तान नगर स्थित सरकारी विद्यालय में ऑडिटोरियम के निर्माण के संबंध में</u>

सभापति महोदय ने मुलतान नगर स्थित सरकारी विद्यालय में **आडिटोरियम के निर्माण के संबंध में** जानकारी चाही और बताया कि यह कार्य भी **लम्बे समय से अधर में लटका हुआ है लेकिन इसकी तरफ कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है**।

**शिक्षा विभाग** के अधिकारियों ने जानकारी दी कि **शिक्षा विभाग की पालिसी के अन्तर्गत सभी जोनों में एक ऑडिटोरियम होना चाहिये और उसी के अनुरूप कार्रवाई की जा रही है**। उन्होंने यह भी बताया कि सर्वे रिपोर्ट वित्त विभाग को भेजी गई थी लेकिन वित्त विभाग द्वारा इसकी प्राइसिंग पर क्वेरी लगाई है।

**लोक निर्माण विभाग** के अधिकारियों ने बताया कि वित्त विभाग जो प्राइस फिक्स करेगा,हम उसको मान लेंगे और उसीके अनुरूप कार्य करेंगे।उन्होंने यह भी कहाकि यदि **शिक्षा विभाग हमें लेटर एवं एस्टीमेट का सैन्कशन दे देगा तो हम काम शुरू करवा देंगे**। उन्होंने कहा कि बिल्डिंग के लिये अलग एस्टीमेट होगा और अन्य कार्यों के लिये अलग से एस्टीमेट देना पड़ेगा।

विभागीय प्रतिनिधियों को बताया गया कि समिति की वे इस बैठक का हवाला देते हुए लोक निर्माण विभाग को इस आशय का एक लैटर दे दिया जाये कि लोक निर्माण विभाग इस विद्यालय में फुल फ्लैज्ड आडिटोरियम बनायें। लोक निर्माण विभाग के अभियन्ता ने बताया कि हम सब कुछ तैयारी करके बैठे हैं, सैंक्शन मिलते ही काम शुरू करवा दिया जायेगा।

सभापति महोदय ने शिक्षा विभाग के प्रतिनिधियों को निर्देश दिया कि **वित्त विभाग की क्वेरी एवं फुल फ्लेज्ड आडिटोरियम बनाने की पॉलिसी व इस विद्यालय में इसे बनाने का आग्रह, दोनों चीजें लोक निर्माण विभाग को शीघ्र भिजवा दी जाये**।

**समिति ने फिल-हाल इस मामले को लम्बित रखा** ।

9. <u>नज़फगढ़ नाले के किनारे सड़क निर्माण के संबंध में</u>

सभापति महोदय ने नज़फगढ़ नाले के किनारे सड़क निर्माण के संबंध में दिनांक 30.08.2011 को तारांकित प्रश्न संख्या 40 के संदर्भ में माननीय मंत्री द्वारा सदन में दिये गये दिये आश्वासन (आश्वासन संख्या: 355) के बारे में जानना चाहा ।

सिंचाई एवं बाढ़ नियंन्त्रण विभाग के विभागीय प्रतिनिधियों ने समिति को सूचित किया कि वहां पर **सड़क की मरम्मत का काम पूरा कर दिया गया है** ।

**समिति ने संतोष व्यक्त करते हुए आश्वासन को पूर्ण माना ।**

पृष्ठ -10/- पर जारी ..

सभापति महोदय ने जानना चाहा कि नज़फगढ़ नाले के किनारों पर रिंग रोड और आऊटर रिंग रोड के बीच अतिक्रमण हटाने के संबंध में दिनांक 31 जनवरी, 2013 को एक कोर कमेटी का गठन किया गया था और 7.02.2013 को पूर्वाह्न 10.30 बजे इस कमेटी की बैठक होनी थी, उसकी क्या प्रगति रही ।

मुख्य अभियन्ता, सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग ने सूचित किया कि 7.02.2013 को कोर कमेटी की बैठक हुई थी । किन्तु उसमें श्री दिवाकर अग्रवाल, अधीक्षण अभियन्ता लोक निर्माण विभाग शामिल नहीं हुए । उन्होंने सूचित किया कि भूमि एवं भवन विभाग के प्रतिनिधि ने गाँव सैय्यद नांगलोई, मादीपुर एवं बसई दारापुर के ऑनरशीप के संदर्भ में खसरावाइज सूची सौंपी । किन्तु इसमें गाँव बसई दारापुर के राजस्व सम्पदा का ऑनरशीप नहीं दिखाया गया है । उन्होंने यह भी सूचित किया कि गाँव सैय्यद नांगलोई और मादीपुर के अधिकतर खसरा जो भूमि एवं भवन विभाग द्वारा सौंपे गये है वे डीडीए से संबंधित है ।

सभापति महोदय ने निर्देश दिये कि **कोर कमेटी की एक और बैठक शीघ्र बुलाई जाए** जिसमें भूमि एवं भवन विभाग, लोक निर्माण विभाग, राजस्व विभाग एवं दिल्ली विकास प्राधिकरण के अधिकारियों को भी बुलाया जाए। **विभागीय प्रतिनिधियों को यह भी निर्देश दिये गये कि इस बैठक के जो भी निर्णय हो उसके बारे में विधान सभा सचिवालय को भी सूचित किया जाए** ।

## लोक निर्माण विभाग

### 10. जाफ़राबाद रोड को चौड़ा करने के संबंध में

माननीय सदस्य **चौ. मतीन अहमद** ने बताया कि दिनांक 18.03.2011 को जाफ़राबाद रोड को चौड़ा करने के संदर्भ में पूछे गये तारांकित प्रश्न संख्या-54 के संदर्भ में माननीय लोक निर्माण मंत्री ने आश्वासन (आश्वासन संख्या-310)दिया था कि **यह कार्य शीघ्र पूरा कर दिया जायेगा**।

**लोक निर्माण विभाग** के प्रतिनिधियों ने बताया कि **यह कार्य 90 प्रतिशत तक पूरा हो चुका है,केवल तारकोल बिछाने का कार्य बाकी रह गया है जो कि वरसात के मौसम के कारण नहीं हो पा रहा है** । उन्होंने यह भी सूचित किया कि जैसे ही मौसम साफ हो जायेगा, 5-7 दिन में इस कार्य को पूरा कर दिया जायेगा।

**समिति ने उत्तर से संतोष व्यक्त करते हुए इस आश्वासन को पूर्ण माना।**

पृष्ठ -11/- पर जारी ..

अनुलग्नक-2

## समिति की बैठकों में विचार-विमर्श के उपरान्त लम्बित रखे गये आश्वासनों का विवरण

### शहरी विकास विभाग

1. कीर्ति नगर में निर्मित किये जा रहे भूमिगत जलाशय को कब तक चालू किये जाने के संदर्भ में ।

**आश्वासन क्रमांक:130** — **निर्णय: लम्बित**
**अतारांकित प्रश्न संख्या-77**
**दिनांक 17.03.2010**

माननीय सदस्य श्री सुभाष सचदेवा ने कीर्ति नगर में निर्मित किये जा रहे भूमिगत जलाशय को कब तक चालू किये जाने के संदर्भ में मामला उठाया था जिसके जवाब में माननीय शहरी विकास मंत्री ने आश्वासन दिया था कि यह कार्य दिसम्बर, 2010 तक पूर्ण हो जाने की संभावना है, हलांकि जलाशय को आंशिक रूप से चालू करने के प्रयास किये जा रहे है ।

विभागीय प्रतिनिधि ने समिति को जानकारी दी कि इस कार्य को पूरा करने के लिए भर-सक प्रयास किये जा रहे है और हमाया प्रयास है कि मुनक नहर से भी इस जलाशय को पानी उपलब्ध कराया जायेगा और इस कार्य में लग-भग 6 महिने का समय लग सकता है । जुलाई, 2013 तक यह कार्य पूर्ण हो जायेगा ।

**समिति ने इस आश्वासन को जुलाई, 2013 तक के लिए लम्बित रखने का निर्णय लिया।**

2. मुण्डका एवं कराला में भूमिगत जलाशय बनाने के संदर्भ में ।

**आश्वासन क्रमांक:131** — **निर्णय: लम्बित**
**अतारांकित प्रश्न संख्या-81**
**दिनांक 17.03.2010**

माननीय सदस्य श्री मनोज कुमार ने मुण्डका एवं कराला में भूमिगत जलाशय बनाने के लिए बजट का प्रावधान करने एवं शीघ्र ही इनके निर्माण के बारे में जानकारी चाही थी जिसके जवाब में माननीय शहरी विकास मंत्री ने आश्वासन दिया था कि कराया में यूजीआर के निर्माण की निविदा आमंत्रण की प्रक्रिया में है तथा यूजीआर का निर्माण कार्य अक्टूबर, 2010 में शुरू होने की संभावना है। मुण्डका यूजीआर का कार्य नवम्बर, 2010 में होना संभावित है ।

विभागीय प्रतिनिधि ने समिति को जानकारी दी कि कराला में यूजीआर निर्माण करने के कार्य में कुछ बाधाएं उत्तपन्न हो गई थी इसलिए इस कार्य के लिए दुबारा से टेण्डर आमांत्रित कर लिये गये है और अगले तीस दिनों के अंदर ये कार्यवाही पूरी हो जायेगी ।

पृष्ठ -12/- पर जारी ...

विभागीय प्रतिनिधियों ने आगे समिति को सूचित किया कि जहां तक मुण्डका में यूजीआर बनाने का प्रश्न है इसके बारे में माननीय उच्च न्यायालय में एक मामला चल रहा है और वहां से मामला समाप्त होने के बाद कार्यवाई शुरू कर दी जाऐगी ।

**समिति ने इस आश्वासन को लम्बित रखने का निर्णय लिया।**

## सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग

### 3. नजफगढ़ ड्रेन के किनारों पर रिंग रोड़ और आउटर रिंग रोड़ के बीच अतिक्रमण को हटाने के संदर्भ में ।

**आश्वासन क्रमांक:180** **निर्णय: लंबित**

**तारांकित प्रश्न संख्या-211**

**दिनांक 31.3.2010**

माननीय सदस्य श्री श्यामलाल गर्ग ने जानकारी चाही थी कि **नजफगढ़ ड्रेन के किनारों पर रिंग रोड़ और आउटर रिंग रोड़ के बीच किन-किन स्थानों पर अतिक्रमण है और उस अतिक्रमण को कब तक हटा दिया जाएगा** के संदर्भ में माननीय मंत्री द्वारा आश्वासन दिया गया था कि - **झुग्गी-बस्तियों को हटाने के लिए स्लम विभाग को 05 पत्र दिनांक 29.03.2006, 13.12.2006, 22.01.2007, 27.06.2007 एवं 12.06.2008 को लिखे जा चुके हैं जिनके उत्तर अपेक्षित है और उसके प्राप्त होते ही उपरोक्त भूमि का कब्जा ले लिया जाएगा।**

सिंचाई एवं बाढ़ नियन्त्रण विभाग के विभागीय प्रतिनिधि ने समिति समिति को आगे बताया कि इस संबंध में राजस्व विभाग, दिल्ली विकास प्राधिकरण एवं बाढ़ नियन्त्रण विभाग के अधिकारियों द्वारा इस भूमि का निरीक्षण किया गया और एस.डी.एम. पटेल नगर के कार्यालय द्वारा अतिक्रमित भूमि के खसरों की जानकारी पत्र दिनांक 12.10.2012 द्वारा दी गई । इस खसरों के भूमि स्वामित्व के अनुसार कोई भी झुग्गी समूह सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग की भूमि पर स्थित नहीं है एवं यह भूमि दिल्ली सरकार के लोक निर्माण विभाग एवं भूमि एवं भवन विभाग से संबंधित है । इस संबंध में विभाग द्वारा 26.10.2012 को लोक निर्माण विभाग एवं भूमि एवं भवन विभाग को पत्र लिखा जा चुका है । इसके अलावा 17.01.2013 को भी इन विभागों को उचित कार्यवाही हेतु पत्र लिख जा चुका है ।

भूमि एवं भवन विभाग के विभागीय प्रतिनिधियों ने बताया कि यह मामला हमसे संबंधित नहीं है और राजस्व विभाग ने इस पर आगे कार्यवाही करनी है । यदि विभाग के पास खसरा नम्बर आ जाते है तो विभाग यह जाँच कर लेगा कि यह भूमि आगे किस को गई ।

पृष्ठ -13/- पर जारी ..

समिति ने निर्णय लिया कि इस मामले कि जाँच के लिए लोक निर्माण विभाग, राजस्व विभाग, भूमि एवं भवन विभाग एवं सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग के अधिकारियों की एक कोर-कमेटी गठित कर दी जाए जो इस सारे मामले को देख कर, उचित कार्यवाही करे । समिति ने निम्नानुसार कोर-कमेटी का गठन किया : -

| | | |
|---|---|---|
| 1. | श्री वीपीएस तोमर, मुख्य अभियन्ता, सिंचाई एवं बाढ़ नि. विभाग | चेयरमैन |
| 2. | श्री दीवाकर अग्रवाल, अधीक्षण अभियन्ता, लो.नि. विभाग | सदस्य |
| 3. | श्री बी.एल मदान, उप सचिव, भूमि एवं भवन विभाग | सदस्य |
| 4. | श्री अजय रावल, एस.डी.एम. पटेल नगर | सदस्य |

समिति को सूचित किया गया कि कोर कमेटी की बैठक दिनांक 7.02.2013 को पूर्वाह्न 10.30 बजे, चौथी मंजिल, आई.एस.बी.टी. कशमीरी गेट, दिल्ली में निर्धारित की गई है।

**समिति ने आश्वसन को लम्बित रखा ।**

पृष्ठ -14/- पर जारी ..

अनुलग्नक-3

# पूरे कर लिये गये आश्वासनों का संक्षिप्त विवरण

## शहरी विकास विभाग

| क्रम सं0 | आश्वासन/प्रश्न सं0 एवं दिनाँक | सम्बन्धित सदस्य | विषय |
|---|---|---|---|
| 1. | आश्वासन क्रमांक:132<br>अतारांकित प्रश्न संख्या-84<br>दिनांक 17.03.2010 | श्री सत प्रकाश राणा | जल बोर्ड द्वारा जनवरी 2006 से अब तक दक्षिण-पश्चिम दिल्ली में पाईप लाईन बिछाने के कार्यों, उनपर व्यय हुई धनराशि के संदर्भ में । |
| 2. | आश्वासन क्रमांक:133<br>अतारांकित प्रश्न संख्या-86<br>दिनांक 17.03.2010 | श्री बलराम तंवर | छतरपुर विधान सभा क्षेत्र में यू जी आर वाटर टैंक का निर्माण कार्य पूरा होने एवं उसमें पानी की सप्लाई कब तक किये जाने के संदर्भ में । |
| 3. | आश्वासन क्रमांक:134<br>अतारांकित प्रश्न संख्या-87<br>दिनांक 17.03.2010 | श्री अनिल झा | किरारी विधान सभा क्षेत्र में यूजीआर बनाने के संदर्भ में । |

## सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग

| | | | |
|---|---|---|---|
| 4. | आश्वासन संख्या-181<br>तारांकित प्रश्न संख्या: 213<br>दिनांक 22.03.2010 | श्री जय किशन | सुलतान पुरी और मंगोल पुरी के बीच स्थित सप्लीमैंटरी ड्रेन पर नए पुलों के निर्माण कार्य के संदर्भ में |
| 5. | आश्वासन संख्या-297<br>तारांकित प्रश्न संख्या: 92<br>दिनांक 17.03.2011 | श्री ओ.पी. बब्बर | नजफगढ नाले के दाहिने किनारे पर बाहरी रिंग रोड एवं रघुबीर नगर ब्रिज के बीच वाली रोड को मजबूत व चौड़ा करने एवं वहां पर फ्लड लाईट की व्यवस्था करने के संदर्भ में । |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 6. | आश्वासन संख्या-355<br>तारांकित प्रश्न संख्या: 40<br>दिनांक 30.08.2011 | श्री श्याम लाल गर्ग | नजफगढ नाले के किनारे बनाई गई सड़क की हालत सुधार ने कार्य के संदर्भ में। |
| | | **शिक्षा विभाग** | |
| 7. | आश्वासन संख्या-354<br>अतारांकित प्रश्न संख्या: 84<br>दिनांक 30.08.2011 | श्री श्याम लाल गर्ग | सरस्वती विहार स्थित सरकारी विद्यालय के पुनर्निर्माण के संबंध में । |
| 8. | | श्री श्याम लाल गर्ग | मुल्तान नगर स्थित सरकारी विद्यालय में ऑडिटोरियम के निर्माण के संबंध में |
| 9. | आश्वासन संख्या: 355<br>दिनांक 30.08.2011<br>तारांकित प्रश्न संख्या 40 | श्री श्याम लाल गर्ग | नज़फगढ़ नाले के किनारे सड़क निर्माण के संबंध में |
| | | **लोक निर्माण विभाग** | |
| 10. | (आश्वासन संख्या-310<br>तारांकित प्रश्न संख्या-54<br>दिनांक 18.03.2011 | चौ. मतीन अहमद | जाफ़राबाद रोड को चौड़ा करने के संबंध में । |

पृष्ठ -116/- पर जारी ..

अनुलग्नक-4

## समिति की बैठकों में विचार-विमर्श के उपरान्त लम्बित आश्वासनों का संक्षिप्त विवरण

### शहरी विकास विभाग

| क्रम सं0 | प्रश्न/आश्वासन सं0 एवं दिनाँक | सम्बन्धित सदस्य | विषय |
|---|---|---|---|
| 1. | **आश्वासन क्रमांक:130 अतारांकित प्रश्न संख्या-77 दिनांक 17.03.2010** | **श्री सुभाष सचदेवा** | **कीर्ति नगर में निर्मित किये जा रहे भूमिगत जलाशय को कब तक चालू किये जाने के संदर्भ में ।** |
| 2. | **आश्वासन क्रमांक:131 अतारांकित प्रश्न संख्या-81 दिनांक 17.03.2010** | श्री मनोज कुमार | **मुण्डका एवं कराला में भूमिगत जलाशय बनाने के संदर्भ में ।** |

### सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग

| क्रम सं0 | प्रश्न/आश्वासन सं0 एवं दिनाँक | सम्बन्धित सदस्य | विषय |
|---|---|---|---|
| 3. | **आश्वासन क्रमांक:180 तारांकित प्रश्न संख्या-211** दिनांक 31.3.2010 | श्री श्यामलाल गर्ग | **नजफगढ़ ड्रेन के किनारों पर रिंग रोड़ और आउटर रिंग रोड़ के बीच अतिक्रमण को हटाने के संदर्भ में ।** |